# टीकमगढ़



नवभारत

भोपाल, शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025


## एक नजर में

### सांसद खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। टीकमगढ़ में गुरुवार को सांसद खेल महोत्सव का समापन हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुना गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के तहत भारत 2036 तक ओलिंपिक खेलों की मेजबानी करेगा।**

कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और पौधारोपण भी किया गया। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार तेज गति से कार्य जारी रहाए तो भारत 2036 तक ओलिंपिक खेलों की मेजबानी करने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि आज 10 और 12 साल के बच्चे खेलों में आगे बढ़कर ओलिंपिक में देश का नाम रोशन करने की तैयारी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का संकल्प हर भारतीय को शारीरिक और मानसिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। सांसद खेल महोत्सव के समापन पर प्रधानमंत्री ने देशभर के सांसदों और युवा खिलाड़ियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को नई दिशा में आगे बढ़ने और अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए बेहतर सुविधाएं और प्रशिक्षण देने की बात कही।

# आम इंसान की तरह बच्चों के बीच पहुंच गए कलेक्टर

**खिलाड़ियों के साथ नाश्ते का स्वाद स्वयं चखा**

**हॉकी खिलाड़ियों से पूछी खाने की गुणवत्ता**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। अक्सर हमने देखा है कि अगर कोई अधिकारी किसी निरीक्षण पर जाए तो उसके साथ काफिला चलता. उस अधिकारी का रौब ऐसा होता है जैसे वह जनता का मालिक हो, लेकिन टीकमगढ़ में एक ऐसे अधिकारी की पोस्टिंग हुई जो इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए। कभी लाईब्रेरी की तस्वीर बदलने, कभी महेन्द्र सागर तालाब पर विकास का रोडमैप बनाकर उसको सुन्दर बनाने एवं कभी अचानक किसी दफ्तर में पहुंचकर निरीक्षण करके अलग छाप छोड़ने का काम कर देते हैं। ऐसा ही एक बार फिर हुआ जब वह हॉकी के नेशनल खिलाड़ियों के बीच अचानक आम इंसान की तरह भोजनशाला में जा पहुंचे और बच्चों के बीच भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। बच्चे यह समझ नहीं पाए कि आखिर ये कौन है.**

दरअसल टीकमगढ़ के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय गुरुवार को सुबह 10.10 मिनिट पर शहर के गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल में अचानक पहुंचे। यहां टीकमगढ़ के ढोंगा मैदान में चल रहे हॉकी के नेशनल टूर्नामेंट के बच्चों की भोजनशाला बनाई गई है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय इस भोजनशाला में बच्चों को मिलने वाले भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता की जांच करने गए थे। यहां उन्होंने आम इंसान की तरह बिल्कुल सरलता के साथ बच्चों के बीच पहुंचकर उनसे नाश्ते एवं खाने की जानकारी ली। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बच्चों से बैठकर बहुत देर चर्चा भी की और उनके खेल के बारे में भी जाना। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नाश्ता कर रहे बच्चों को अच्छा खेल प्रदर्शन करने के लिए कहा।

बच्चे यह समझ नहीं पा रहे थे कि आखिर यह व्यक्ति कौन है, फिर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अपना परिचय बच्चों को दिया और कहा कि मैं यहां का कलेक्टर हूं यहां की व्यवस्थाओं को देखने आया हूं।

विवेक श्रोत्रिय ने यहां की बेहतर व्यवस्था को देखते हुए टूर्नामेंट करा रहे प्रबंधन की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि हां व्यवस्थाएं बहुत बेहतर हैं। इतना ही नहीं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने डीईओ हनुमत सिंह चौहान को और अच्छा करने की बात कही। बच्चों के खाने में कोई भी कमी न हो। इसका विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया है।

**शहर छोटा, परन्तु दिल बहुत बड़ा, यहां दिल में बसती है हॉकी**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्थानीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढोंगा में 69वीं राष्ट्रीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता कंट्रोल रूम का आकस्मिक अवलोकन कर कहा कि शहर भले ही छोटा हो, परन्तु यहां के लोगों का दिल बहुत बड़ा है क्योंकि यहां हॉकी लोगों के दिलों में बसती है। मैने ऐसा और कहीं नहीं देखा वास्तव में टीकमगढ़ के लोग हॉकी को अपनी आत्मा में बसाए हुए हैं। हॉकी का नेशनल हमारे जिले में होना भी हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

**कलेक्टर ने चखा नाश्ता**



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बच्चों को परोसे जाने वाले नाश्ते को स्वयं चखा और उसकी गुणवत्ता देखी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय का कहना है कि यह अच्छी बात है कि इस जिले में 69वीं राष्ट्रीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इससे देश भर से आने वाले खिलाड़ी एवं कोच हमारे यहां की संस्कृति को भी अपने-अपने घर ले जाएंगे। हमारा भी प्रयास होना चाहिए कि उनको बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध करा सकें। निश्चित ही बच्चों को मिलने वाला नाश्ता एवं भोजन अच्छा है.

# फैक्ट्री का काम देखने पहुंचे केन्द्रीय मंत्री



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर से लगे हुए पहाड़ी खुर्द गांव में बन रही दिव्यांग कृत्रिम उपकरण की फैक्ट्री के कामकाज को देखने के लिए केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार स्वयं पहुंचे।**

मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि आज केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने पहाड़ी खुर्द के अंदर निर्मित हो रही वृहद दिव्यांग कृतिम उपकरण केंद्र एलिम्को का निरीक्षण किया। उन्होंने आफिस प्रोजेक्ट पर नक्शा देखकर पूरे निर्माणाधीन केंद्र में धूमें तथा संबंधित अधिकारियों को जल्द कार्य योजना के निर्देश दिए। साथ में वरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, प्रफुल्ल द्विवेदी सहित संबंधित कर्मचारीगण उपस्थित रहे। डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि यह दिव्यांग कृत्रिम उपकरण केंद्र एलिम्को की कार्य योजना टीकमगढ़ में चल रही है उसका आज संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के साथ निरीक्षण किया।

निरीक्षण में उन्हें जल्द कार्य करने के दिशा निर्देश दिए। इस दिव्यांग कृत्रिम उपकरण केंद्र से दिव्यांग जनों के लिए कृत्रिम उपकरण बनाए जाएंगे जो उनके रोजमर्रा की दैनिक जीवन में सुख से जीवन व्यतीत करने के लिए सहायक रहेंगे। अगर विध्न डालने वालों ने हस्तक्षेप न किया होता तो शायद इसका कार्य जल्दी पूरा होकर जिले को लाभ मिल रहा होता। इसका कार्य पूर्ण होने पर दिव्यांगजनों के लाभ के साथ.साथ केंद्र से युवाओं को भी रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। क्षेत्र के लिए यह बड़ी सौगात लेकर आएगा। जहां एक उद्योग के रूप में यह विकसित होगा और स्थानीय क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिलेगा, दिव्यांग जनों के लिए कृत्रिम अंग एक वरदान स्वरुप होता है।

# मानवीय संवेदना समिति ने दिखाई मानवीयता, बांटे कंबल



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर की मानवीय संवेदना समिति ने एक बार फिर मानवीयता दिखाते हुए गरीबों को कंबल बांटने का कार्य किया है। हर वर्ष यह कार्य किया जाता है।**

मानवीय संवेदना समिति के आज शहर और आस-पास के इलाकों में कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच पूर्व के वचन किये गये लगभग दो दर्जन लोगों निराश्रित, बुजुर्ग, असहाय और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को गर्म कम्बल और मोजे वितरित किये, यह कार्य सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए जरूरतमंदो को राहत पहुंचाने का प्रयास है। यह कम्बल, मोजे उन्हीं लोगों को दिये गये जो वास्तव में इसके हकदार है।

इस अवसर पर समाजसेवी सुरेश मिश्रा ने कहा कि गणमान्य लोगों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि समाज इस कार्य को कितना महत्व देती है। यह पहल ठंड से ठिठुरते हुये लोगों को राहत प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। सेवानिवृत्त जनपद सीईओ विनोद कुमार जैन ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य सर्दी के मौसम में जरूरत मंद लोगों की सहायता करना है जो समिति की पूरी टीम उत्साह से पूरा कर रही है। सभी को हृदय से साधुवाद। इस अवसर पर समाजसेवी सुरेश मिश्रा सेवानिवृत्त जनपद सीईओ, विनोद जैन, पूर्व विधायक वृन्दावन अहिरवार, नयाखेरा सरपंच भूपेन्द्र यादव, बीडी यादव, सतीष सूत्रकार सहित समित के सचिव मनीराम कठैल, कल्लू विश्वकर्मा, इरफान अहमद, केएल टेलर, रामचरन अहिरवार, रमेश खरे एवं काजी उपस्थित रहे।

# मौसम में फिर होने लगा बदलाव

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। इन दिनों सर्दी के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। रोजाना बदलते मौसम से लोग उसका मजा ले रहे हैं।**

मौसम में रात के समय अचानक सर्दी बढ़ जाती है, तो वहीं सुबह 10 बजे के बाद तेज धूप भी होती है। दोपहर तक हल्की सर्दी वाली हवाओं के साथ जिले भर में सूर्य देवता के दर्शन होते रहते हैं। लोग भी इस मौसम में जहां रात में आग से अपनी सर्दी का बचाव करते हैं, तो वहीं दोपहर में धूप के सामने सिकते दिखाई देते हैं।

# क्रिसमस पर बाइबल वाचन के साथ यीशु का मनाया जन्मोत्सव

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मसीही समाज का प्रमुख त्योहार क्रिसमस-डे गुरुवार को मनाया गया। इस पर्व को लेकर समाज द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। जानकारी के अनुसार चर्च में प्रार्थना सभाएं हुई। इस दौरान बाईबल वाचन भी हुआ।**

बताया कि प्रभु का वाचन चर्च पास्टर द्वारा दिया जाएगा। पंचायत समिति सदस्य द्वारा प्रार्थनाएं एवं बाइबल वाचन होगा। तत्पश्चात घरों में प्रार्थना हुआ। क्रिसमस वैसे तो ईसाई धर्म का प्रमुख त्योहार है, लेकिन सभी धर्मों में आस्था के चलते अब हर धर्म के लोग इसे खूब उत्साह के साथ मनाने लगे हैं। गुरुवार को शहर में क्रिसमस डे सेलिब्रेट किया गया। यहां बताया गया कि 25 दिसबंर को जीसस क्राइस्ट यानी यीशु का जन्म हुआ था और उन्हीं के जन्म दिन को क्रिसमस के रूप मनाया गया। जीसस क्राइस्ट ने पूरे विश्व को सब तरफ प्यार, विश्वास, शांति का संदेश दिया। इस दिन लोग चर्च जाते हैं, अपने घरों को सुंदर सजाते हैं, क्रिसमस ट्री लगाते हैं, केक काटते हैं। स्कूल में बच्चे परी और सांता क्लॉज बनकर आए। लाल और सफेद रंग की पोशाक में आए बच्चों ने जमकर डांस किया और खूब मस्ती की। बच्चों ने केक पेस्ट्री खाकर क्रिसमस डे मनाया।



# आज निकलेगी यात्रा

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के चार साहब जादों ने धर्म की रक्षार्थ अपने प्राणों की आहूती देकर जो बलिदान दिया था उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीर बलिदान दिवस के रूप में 26 दिसम्बर को मनाया जाने लगा है। बलिदान दिवस के उपलक्ष में आज 26 दिसम्बर को गुरु नानक संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण से दोपहर 3 बजे एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।**

कार्यक्रम के अनुसार सिंधी धर्मशाला से होते हुए कोतवाली के सामने गांधी चौराहा होते हुए नायकों के मोहल्ला स्थित गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा तक यात्रा निकाली जाएगी। बाला वीर बाल दिवस 26 दिसंबर को मनाया जाएगा। इस संबंध में संस्था के डायरेक्टर इन्द्रपाल सिंह ओबेरॉय पिंटू सर ने बताया कि वीर बलिदान दिवस की तैयारियां कर ली गई हैं।

# पारदर्शिता, ईमानदारी, निष्पक्षता की दिलाई गई शपथ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। टीकमगढ़ में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान एसपी ने पुलिसकर्मियों को पारदर्शिता, ईमानदारी, निष्पक्षता और जनसेवा के सिद्धांतों का पालन करने का संकल्प दिलाया।**



उन्हें अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए आमजन के प्रति संवेदनशीलए उत्तरदायी और न्यायपूर्ण व्यवहार करने की नसीहत दी गई। पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने इस दौरान कहा कि सुशासन केवल एक अवधारणा नहींए बल्कि कार्यशैली और सोच का प्रतिबिंब है। उन्होंने पुलिस बल की जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि कानून.व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ नागरिकों का विश्वास अर्जित करना भी महत्वपूर्ण है।

एसपी ने पुलिसकर्मियों से सेवाए सुरक्षा और सहयोग की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से गरीब और शोषित वर्ग को न्याय दिलाने के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करने पर जोर दियाए क्योंकि लोग न्याय पाने के लिए पुलिस की मदद पर निर्भर करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अनुशासन और एकजुटता के साथ शपथ ग्रहण की। उन्होंने सुशासन के मूल्यों को अपने दैनिक कार्य व्यवहार में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# पलेरा में मनाई गई खेत सिंह खंगार जू-देव की जयंती

**885वीं जयंती पर निकली शोभायात्रा**

**विधायक एवं नगर परिषद अध्यक्ष हुई शामिल**

**नवभारत न्यूज, पलेरा। पलेरा नगर में महाराजा खेतसिंह खंगार जूदेव की 885वीं जयंती समारोह बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। पलेरा में खंगार समाज द्वारा मंदिर परिसर से महाराजा खेतसिंह खंगार की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान खरगापुर की विधायक श्रीमती चंदा रानी गौर भी शामिल हुई।**



शोभायात्रा का नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा के निवास पर फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा बड़ी बस स्टैंड से होते हुए छोटी बस स्टैंड पहुँची, जहाँ खंगार समाज द्वारा सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक चन्दा सुरेन्द्र सिंह गौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा, नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रानू तिवारी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अशोक अहिरवार शामिल रहे।

खंगार समाज के राष्ट्रीय महासचिव जगदीश राय ने विधायक चन्दा सुरेन्द्र सिंह गौर का स्वागत किया। खंगार समाज समारोह में पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा महेश पटेरिया, पार्षद रामकिशोर कुशवाहा, सपा नेता रामकुमार यादव के साथ रामकिशोर कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

समाज के राष्ट्रीय महासचिव जगदीश राय ने बताया कि यह आयोजन समाज की एकता, संस्कृति और इतिहास को सहेजने का प्रतीक है। जयंती समारोह के माध्यम से युवा पीढ़ी को महाराजा खेतसिंह खंगार के शौर्य और बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया।

शोभायात्रा के समापन मौके पर खेत सिंह खंगार जू-देव के जीवन परिचय को याद किया गया। वहां मौजूद सभी ने उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। शोभायात्रा में आए खंगार समाज के लोगों का कहना है कि हमें गर्व है कि हम खेत सिंह खंगार की जाति से आते हैं। उनके योगदानों को कभी नहीं भुलाया जा सकता। हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर एक अच्छे इंसान बनने की जरूरत है। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। इस शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत भी किया। विधायक श्रीमती चंदा रानी गौर ने भी खेत सिंह खंगार को अपने वक्तव्य में याद किया।

**कार्यक्रम** ▶ **बनारसी दास चतुर्वेदी की स्मृति में हुई संगोष्ठी**

# स्व. बनारसी दास के टीकमगढ़ योगदान को किया गया याद

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। टीकमगढ़ में पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी की स्मृति में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राजेंद्र सागर बांध के पास हुई इस संगोष्ठी में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, साहित्यकार और पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी के परिजन शामिल हुए। इस अवसर पर टीकमगढ़ के विकास में उनके योगदान को याद किया गया और उनकी स्मृतियों को संजोने का संकल्प लिया गया।**




कार्यक्रम में आगरा से आए पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी के प्रपौत्र निखिल दीक्षित ने एक महत्वपूर्ण घटना का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि राज्यसभा के लिए चुने जाने के बादए एक बार देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने पंडित चतुर्वेदी को भोजन पर आमंत्रित किया था। भोजन के उपरांत, पंडित चतुर्वेदी ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद से दक्षिणा के रूप में टीकमगढ़ में सिंचाई के लिए एक बांध बनाने का आग्रह किया था।

इस आग्रह पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद के निर्देश पर राजेंद्र सागर नगदा बांध का निर्माण कराया गया। यह बांध लगभग 1000 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है और आज भी फसलों की सिंचाई का प्रमुख साधन है।

निखिल दीक्षित ने यह भी बताया कि पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी 13 अक्टूबर 1937 को ओरछा रियासत के तत्कालीन राजा महाराजा वीर सिंह जू देव के निमंत्रण पर टीकमगढ़ आए थे। उन्होंने कुंडेश्वर को अपनी कर्मस्थली बनाया और लगभग साढ़े चौदह वर्षों तक यहीं निवास किया।

बनारसी दास चतुर्वेदी के साथ कलेक्टर विवेक श्रोतिय और अन्य अतिथितियों ने संपादन और प्रकाशन भी किया। कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि पंडित चतुर्वेदी ने टीकमगढ़ में रहते हुए 1940 से 1946 तक मुधकर नामक पाक्षिक पत्रिका का संपादन और प्रकाशन किया। यह पत्रिका बुंदेलखंड को एक सांस्कृतिक इकाई के रूप में एकीकृत करने में सहायक रही।

**बनारसी दास इंदौर के डेली कॉलेज में हिन्दी के शिक्षक रहे**

कलेक्टर ने यह भी बताया कि बनारसी दास जी इंदौर के डेली कॉलेज में हिंदी के शिक्षक थे। उनके विद्यार्थी और टीकमगढ़ के साहित्य प्रेमी राजा वीर सिंह ने बाद में उन्हें टीकमगढ़ आमंत्रित किया था। इस अवसर पर पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी के परिजनों ने कुछ मांगें भी रखीं।

# 2 जनवरी को होगा रमपुरा नर्सरी का ठेका

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत के अधीन रमपुरा नर्सरी एसबीएसवाय को ठेका पर मिश्रित खेती हेतु फसल उत्पादन एवं फलोद्यान्न 3 वर्ष के लिए दिया जाना है। ठेका पर दिये जाने की प्रक्रिया 2 जनवरी 2026 को कार्यालय जिला पंचायत के सभा कक्ष में की जायेगी।**

इच्छुक कृषक,व्यक्ति निर्धारित को निश्चित समय पर उपस्थित होकर भाग ले सकेंगे। तदनुसार रमपुरा नर्सरी एसजीएसवाय ग्राम पंचायत रमपुरा, जिला टीकमगढ़ 23 एकड़ कृषि योग्य भूमि, फलदार वृक्ष एवं अन्य भूमि सहित ठेका प्रक्रिया हेतु तिथि 2 जनवरी 2026 सायं 5 से सायं 6 बजे तक अमानत,धरोहर राशि 50000 रूपये मात्र ठेका पर मिश्रित खेती हेतु फसल उत्पादन कर सकते है।

# लोकतंत्र में सबकी भागीदारी हो सुनिश्चित

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त रोल प्रेक्षक सह संचालक आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं मध्यप्रदेश एवं प्रबंध संचालक म.प्र. रोजगार एवं प्रशिक्षण परिषद तथा प्रबंध संचालक म.प्र. अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम भोपाल तथा संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्था भोपाल (अतिरिक्त प्रभार) सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण/एसआईआर के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।**

इस अवसर पर भाजपा श्रीमती जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, निर्वाचन आयोग से मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, तहसीलदार टीकमगढ़ सतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित संबंधित उपस्थित रहे। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त रोल प्रेक्षक श्री सतेन्द्र सिंह ने मजबूत लोकतंत्र में सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो सकेए इसके लिये राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि से अपील की कि निर्वाचन नामावलियों के संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु सहयोग प्रदान कर निर्वाचन नामावलियों को शुद्ध करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका प्रतिपादित करें। कार्य की सफलता पूर्वक करने पर सभी की सराहना की।